# राज्यपाल सचिवालय
# लोक भवन, जयपुर

प्रेषक :

सचिव,
राज्यपाल, राजस्थान,
जयपुर।

प्रेषिति :

कुलगुरू,
समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय,
राजस्थान

क्रमांकः एफ.1(2)आर.बी./2021पार्ट–2/4943 दिनांकः 25 अगस्त, 2026

विषय :– उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के कुलपति पद पर नियुक्ति संबंधी विज्ञापन संबंधित विश्वविद्यालयों की वेबसाईट पर अपलोड किये जाने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत विशेष कार्याधिकारी, श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश से प्राप्त पत्र क्रमांक ई–5664/जी.एस दिनांक 18.08.2026 बाबत ''उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के कुलपति पद पर नियुक्ति संबंधी विज्ञापन संबंधित विश्वविद्यालयों की वेबसाईट पर अपलोड किये जाने के संबंध में'' की छायाप्रति संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

भवदीय,

संलग्नः–उपरोक्तानुसार

(चन्दन दुबे)
उप सचिव
राज्यपाल, राजस्थान

VICE CHANCELLOR SECRETARIAT SKNAU JOBNER
S. No. 9400
Date 05/9/26

# राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश
## लखनऊ–226027

संख्या : ई–5664/जी0एस0
दिनांक : अगस्त 18, 2026

**प्रेषक,**

**श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के**
**विशेष कार्याधिकारी, श्री राज्यपाल, भा.प्र.से.(से.नि.),**
**(अपर मुख्य सचिव स्तर), उत्तर प्रदेश।**

सेवा में,

**प्रमुख सचिव/सचिव, श्री राज्यपाल,**
**समस्त राज्य,**
**भारत।**

महोदय,

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय एक प्राचीन विश्वविद्यालय स्थापित है।

उपर्युक्त विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर नियुक्ति सम्बन्धी प्रक्रिया वर्तमान में विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में विज्ञापन संख्या : ई–5624/2026, दिनांक 17.08.2026 (प्रति संलग्न) को प्रकाशित कराया जा रहा है। मा0 राज्यपाल, उत्तर प्रदेश द्वारा उपर्युक्त विज्ञापन को समस्त प्रदेशों के विश्वविद्यालयों की वेबसाइट पर भी प्रकाशित कराने सम्बन्धी निर्देश दिये गये है।

अतः इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया अपने प्रदेशों से सम्बन्धित विश्वविद्यालयों की वेबसाइट पर उपर्युक्त विज्ञापन को प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

**संलग्नक :– यथोपरि।**

18

**( डॉ0 सुधीर एम. बोबडे )**
**विशेष कार्याधिकारी, श्री राज्यपाल, भा.प्र.से.(से.नि.),**
**(अपर मुख्य सचिव स्तर), उ0प्र0।**

ई-मेल

जनभवन, लखनऊ।

**उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के कुलपति के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित करने के संबंध में सूचना**

विज्ञापन संख्या : ई–5624/2026

दिनांक : अगस्त 17, 2026

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज, जो कि उत्तर प्रदेश राज्य राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय अधिनियम, 1999 (अधिनियम संख्या 10, 1999) के अन्तर्गत स्थापित है, के कुलपति की नियुक्ति, उक्त विश्वविद्यालय की प्रथम परिनियमावली, 2002 के परिनियम 03.02 के अधीन गठित समिति द्वारा अनुसंशित पैनल में से कुलाधिपति के द्वारा किया जाना प्रस्तावित है।

कुलपति का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने के दिनांक से 03 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए होगा। अन्य शर्तें विश्वविद्यालय के अधिनियम एवं परिनियमानुसार होंगी।

चूंकि कुलपति विश्वविद्यालय का प्रधान कार्यपालक और शैक्षणिक अधिकारी होता है, इसलिये अभ्यर्थी में उच्च कोटि की क्षमता, सत्यनिष्ठा, नैतिकता एवं संस्थागत वचनबद्धता होनी चाहिए। अभ्यर्थी को विख्यात शिक्षाविद होने के साथ–साथ ठोस प्रशासनिक अनुभव भी होना चाहिए।

कुलपति पद के लिए इच्छुक अभ्यर्थी राज भवन की वेबसाइट **"www.upgovernor.gov.in"** पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन **दिनांक** 04.09.2026 (शुक्रवार) तक केवल **ऑन लाइन (On Line)** प्रेषित कर सकते है।

निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

17.8.26

विशेष कार्याधिकारी, श्री राज्यपाल,
भा.प्र.से.(से.नि.),
(अपर मुख्य सचिव स्तर),
उत्तर प्रदेश।

**JAN BHAVAN, LUCKNOW.**

# NOTICE INVITING APPLICATIONS FOR APPOINTMENT OF VICE CHANCELLOR FOR THE UTTAR PRADESH RAJARSHI TANDON OPEN UNIVERSITY, PRAYAGRAJ (U.P.)

Advt. No. E-5624/2026 Dated : August 17, 2026

It is proposed to appoint the Vice-Chancellor for the Uttar Pradesh Rajarshi Tandon Open University, Prayagraj (U.P.), established under the Uttar Pradesh Rajarshi Tandon Open University Act, 1999 (Act No. 10 of 1999) by the Chancellor, out of a panel to be recommended by a Committee appointed in terms of First Statutes, 2002 of Section- 3.02 of the said Act.

The Vice-Chancellor shall hold office for a term of 03 (three) years from the date on which he/she enters upon his/her office. Other conditions will be as per the Act and the Statutes of the University.

As the Vice-Chancellor is the Principal Executive and Academic Officer of the University, he/she should have highest level of competence, integrity, morals and institutional commitment. He/She is required to have sound administrative acumen besides being a distinguished person in the field of Education.

The applicant for the post of Vice-Chancellor may send his/her application **Online only** in prescribed format available on the website "**www.upgovernor.gov.in**" on or before **04.09.2026 (Friday)**.

Any application received after the prescribed date shall not be considered.

OSD to Governor,
**IAS(Retd.)**
**(Additional Chief Secretary Level),**
**Uttar Pradesh.**